>

**Title:** Need to provide financial assistance to Government of Bihar for providing relief to the people affected by floods in Munghyr parliamentary Constituency.

**श्री ब्रह्मानन्द मंडल (मुंगेर) :** सभापति महोद्या, मुंगेर संसदीय क्षेत्र में तीन जिले पड़ते हैं, मुंगेर, लखीसराय और जमुई। 21 सितम्बर को भीाण वार्ा, बाढ़ से उपरोक्त जिलों में तबाही, जन-धन की काफी क्षति पहुंची है। मुंगेर जिले के खड़गपुर प्रखंड, वरियापुर प्रखंड, जमालपुर प्रखंड और तारापुर प्रखंड के सैकडों गांव बर्बाद हो गए हैं। जिला अधिकारी मुंगेर के अनुसार 50 आदमियों की मृत्यु हो गई है। 900 जानवर मारे गए। लगभग 50 हजार मिट्टी के घरों का अस्तित्व मिट गया है। सड़कें, स्कूल, सामुदायिक भवन और अन्य ग्रामीण साधन तहस-नहस हो गए हैं। करीब 137 करोड़ रुपए मूल्य की फसल एवं जन-धन नट हो गए हैं। जमुई जिला प्रखंड, खैरा प्रखंड और लइमीपुर के 50 गांव से अधिक बर्बाद हो गए। जिला अधिकारी जमुई के अनुसार 47 करोड़ रुपए की क्षति हुई है। लखीसराय जिला के लखीसराय प्रखंड, सूर्यगढ़ प्रखंड एवं चानन इलाका के गोपालपुर, रेऊरा इत्यादि गांव पूरी तरह से नट हो गए हैं। 40 करोड़ रुपए की क्षति हुई है। इस तरह से मुंगेर, लखीसराय एवं जमुई में 224 करोड़ रुपए की क्षति हुई है।

अत: भारत सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र जल्द से जल्द गृह निर्माण, स्कूल, सामुदायिक भवन इत्यादि की सहायता राशि की स्वीकृति देकर भिजवाने का कश्ट करें।